# न्यायालय कलेक्टर जिला सिंगरौली (म0प्र0)

दिनांक 30 मार्च, 2022

## अनापत्ति-प्रमाण-पत्र

क्रमांक 39 /प्रवाचक/2022, आवेदक EMIL Mines And Mineral Resources Limited, बंधा कोल परियोजना द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि सिंगरौली जिले के सरई तहसील अंतर्गत स्थित 'बंधा कोल ब्लॉक' भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा आवेदक कम्पनी को आबंटित किया गया है। उक्त कोल ब्लॉक से प्रभावित निजी एवं शासकीय भूमियों में ग्राम बन्धा तहसील सरई की शासकीय आराजी खसरा नंबर 448 रकबा 1.100 हे0, 1176/1440 रकबा 0.060 हे0 एवं खसरा नंबर 535/1445 रकबा 0.380 हे0 तथा ग्राम पिड़रवाह, तहसील सरई स्थित आराजी खसरा नंबर 682/1 रकबा 42.60 का अंश रकबा 2.010 हे0 राजस्व-वन भूमियॉं हैं जिनका वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के उपबंधों के तहत गैर वन प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराया जाना है। इस हेतु राजस्व विभाग की अनापत्ति अपेक्षित है। अतएव उक्तानुसार व्यपवर्तन की स्वीकृति हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया जावे।

2- प्रस्तुत आवेदन पत्र पर उपखण्ड अधिकारी, देवसर से जांच प्रतिवेदन आहूत किया गया। उपखण्ड अधिकारी, देवसर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभिलेखों के अनुसार आवेदन पत्र में वर्णित उक्त भूमियॉं म0प्र0 शासन, राजस्व विभाग की 'वन' किस्म की भूमियॉं हैं जो आवेदक कम्पनी को कोयला उत्खनन हेतु आबंटित बंधा कोल ब्लाक की सीमा के अन्दर स्थित हैं जिससे उक्त भूमियों का अधिपत्य विहित विधि एवं प्रक्रिया का अनुशंरण करते हुए कोयला उत्खनन के निमित्त आबंटिती कम्पनी को प्रदान किया जाना आवश्यक होगा। उक्त कार्यवाही वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के वर्णित उपबंधों के तहत गैर वानिकी प्रयोजन के निमित्त वन विभाग द्वारा व्यपवर्तन की स्वीकृति के उपरान्त ही की जा सकेगी। ऐसी स्थिति में कोल ब्लॉक से प्रभावित राजस्व-वन भूमियों के व्यपवर्तन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया जाना प्रासॉंगिक है।

3- अतएव यह प्रमाणित किया जाता है कि वन विभाग द्वारा यदि उपरोक्त 'बंधा कोल ब्लॉक' से प्रभावित राजस्व-वन भूमियों के भारतीय वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के उपबंधों के तहत गैर वानिकी प्रयोजन के निमित्त व्यपवर्तन की स्वीकृति प्रदान की जाती है तो इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं होगी।

30/3/22

(राजीव रंजन मीना)
कलेक्टर
जिला सिंगरौली(म0प्र0)

क्रमः

पृष्ठांकन क्रमांक 40/1/प्रवाचक/2022 सिंगरौली, दिनांक 30 मार्च, 2022

प्रतिलिपि:-

1- वन मण्डल अधिकारी, सिंगरौली
2- आवेदक परियोजना प्रमुख, EMIL Mines And Mineral Resources Limited, बंधा कोल परियोजना सिंगरौली

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

30/3/22

कलेक्टर
जिला सिंगरौली(म0प्र0)